इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 418] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 14 अक्टूबर 2016—आश्विन 22, शक 1938

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 14 अक्टूबर 2016

क्र. एफ-14-82-1988-दस-2.—वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) की धारा 64 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश वन्य प्राणी (संरक्षण) नियम, 1974 में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त नियमों में, नियम 34 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम स्थापित किया जाए, अर्थात् :—

"34 धारा 28 के अधीन राष्ट्रीय उद्यानों और अभ्यारण्यों में प्रवेश के लिए, प्रवेश शुल्क और प्रवेश अनुज्ञा की शर्तें :—

1. **प्रवेश अनुज्ञा पत्र.**—

(1) धारा 28 की उपधारा (1) में उल्लिखित प्रयोजनों के लिए कोई भी व्यक्ति उक्त अधिनियम की धारा 28 की उपधारा (2) के अनुसार इन नियमों में यथा विहित शर्तों के अधीन और ऐसे शुल्क के भुगतान पर जो कि विहित किया जाए, मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक, मध्यप्रदेश या उसके द्वारा इस प्रयोजन के लिए प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा जारी किए गए वैध प्रवेश अनुज्ञा पत्र के बिना किसी राष्ट्रीय उद्यान या अभ्यारण्य में प्रवेश नहीं करेगा.

(2) प्रवेश अनुज्ञा पत्र वैयक्तिक, अहस्तांतरणीय तथा एक बार प्रवेश के लिए या उसमें विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए विधिमान्य होगा.

2. **प्रवेश.**—

(1) राष्ट्रीय उद्यानों या अभ्यारण्यों में निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा, अर्थात् :—

(एक) वन्य जीवों का अध्ययन या अन्वेषण और उसके आनुषंगिक प्रयोजन;

(दो) वैज्ञानिक अनुसंधान;

(तीन) राष्ट्रीय उद्यान या अभयारण्य में निवास कर रहे किसी व्यक्ति के साथ विधिपूर्ण कारोबार का संव्यवहार;

(चार) टाइगर रिजर्व के बफर जोन में या राष्ट्रीय उद्यानों या अभयारण्यों की 5 किलोमीटर की सीमाओं के भीतर स्थित ग्रामों की मान्यताप्राप्त शिक्षण संस्थाओं के छात्रों की अध्ययन यात्रा अथवा ईको विकास समितियों के सदस्यों की प्राधिकृत अध्ययन यात्रा;

(पांच) भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय या विभिन्न राज्यों के वन विभागों के प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों के छात्रों, प्रशिक्षुओं, अनुदेशकों और सहायक कर्मचारिवृंद की प्राधिकृत अध्ययन यात्रा; और

(छह) अपने अभिभावकों के साथ भ्रमण कर रहे 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों का प्रवेश।

(2) नियम 2 के उपनियम (1) के खण्ड (चार) के अंतर्गत न आने वाले मान्यताप्राप्त शिक्षण संस्थानों के छात्र–छात्राओं को नियमित प्रवेश शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी बशर्ते ऐसी प्राधिकृत अध्ययन यात्राओं की पूर्व सूचना दी गई हो। यह सुविधा किसी संस्थान में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को पूरे पर्यटन वर्ष, अर्थात् 1 जुलाई से 30 जून तक की खुली अवधि, में केवल एक बार एक यात्रा हेतु दी जाएगी।

(3) विशेष परिस्थितियों में मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक, मध्यप्रदेश अथवा संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा किसी व्यक्ति अथवा समूह को निर्धारित धारण क्षमता की सीमाओं के भीतर निःशुल्क प्रवेश की अनुमति दी जा सकेगी।

(4) नियम 2 (1) (एक) (दो) या (तीन) में वर्णित प्रयोजनों के लिए अनुज्ञा पत्र की शर्तों एवं पात्रता का निर्धारण संरक्षित क्षेत्र विशेष की आवश्यकता के आधार पर मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक, मध्यप्रदेश द्वारा पृथक् से किया जाएगा।

3. **पर्यटन के प्रयोजनों के लिए प्रवेश शुल्क की दरें और प्रवेश अनुज्ञा पत्र की शर्तें नीचे दी गई सारणी में विहित किए गए अनुसार होंगी :**

(1) प्रवेश शुल्क तथा शर्तें

सारणी – ए

वाहन से वन्य जीव दर्शन (प्रति राउंड)

अनु क्रमांक	टाईगर रिजर्व / संरक्षित क्षेत्र	एकल सीट अनुज्ञा, पर्यटन हेतु पार्क प्रबंधन द्वारा पंजीकृत वाहन में (हल्के वाहन एवं मिनी बस)	संपूर्ण वाहन अनुज्ञा, पर्यटन हेतु पार्क प्रबंधन द्वारा पंजीकृत वाहन में (हल्के वाहन) अधिकतम 8 व्यक्ति
1	2	3	4
1	कोर क्षेत्र (टाइगर रिजर्व) संजय टाईगर रिजर्व तथा पृथक से अन्य वर्णित किए गए व्यू पाइंट्स को छोड़कर	रू. 250	रू. 1500

2	संजय टाईगर रिजर्व और अन्य राष्ट्रीय उद्यान या अभयारण्य (वन विहार राष्ट्रीय उद्यान को छोड़कर)	रू. 125	रू. 750
*	उपरोक्त दरों में वाहन एवं गाइड शुल्क सम्मिलित नहीं है।		

टीप :

(एक) पर्यटक अनुज्ञा पत्र निम्नलिखित तालिका में दिये प्रतिशत अनुसार उपलब्ध होंगे।

एकल सीट अनुज्ञा (ऑन लाइन)	एकल सीट अनुज्ञा (ऑफ लाइन)	क्षेत्र संचालक कोटा (ऑफ लाइन)	संपूर्ण वाहन अनुज्ञा (ऑन लाइन)
10%	10%	10%	शेष अनुज्ञापन

* प्रतिशत अनुसार अनुज्ञा पत्रों की वास्तविक संख्या प्राप्त करने के लिए समय आंकडो का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा।

* ऑफ लाईन अनुज्ञा पत्र सफारी दिवस के एक दिन पूर्व सायं काल 5:00 बजे से उपलब्ध होंगे। बुकिंग का वास्तविक समय संरक्षित क्षेत्र के भार साधक अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

(दो) ऑनलाईन बुकिंग (जहां उपलब्ध हो) के लिए उपलब्ध एकल सीट अनुज्ञा के 10 प्रतिशत क्षमता तथा करेन्ट बुकिंग के लिए 10 प्रतिशत पर्यटक को पार्क में प्रवेश के समय ऊपर उल्लेखित शुल्क के अतिरिक्त वाहन शुल्क तथा गाईड शुल्क पृथक से संदाय करना होगा। गाईड तथा वाहन के लिए वसूला गये कुल प्रभार प्रवेश के समय वाहन में उपस्थित कुल पर्यटको के बीच बराबर–बराबर विभाजित किया जाकर देय होगा।

(तीन) सुनिश्चित एकल सीट अनुज्ञा पत्र धारी वास्तविक पर्यटको को पार्क में प्रवेश समय के आधा घण्टा पूर्व निर्धारित प्रवेश द्वार पर उपस्थित होगा तथा अपना अनुज्ञा पत्र एवं परिचय पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि वह प्रवेश के समय से आधा घण्टा पूर्व पहुँचने में असफल है तो उनका अनुज्ञा पत्र स्वतः निरस्त माना जायेगा। संपूर्ण वाहन अनुज्ञापत्रधारी पर्यटको को पार्क में प्रवेश के समय के एक घण्टा पश्चात तक प्रवेश द्वार पर उपस्थित हो सकेगे तथा अपना अनुज्ञा पत्र तथा परिचय पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि वे इस समय तक पहुँचने में असफल रहते है तो उनका अनुज्ञा पत्र स्वमेव निरस्त माना जावेगा और ऐसा अनुज्ञा पत्र, प्रवेश द्वार पर एकल सीट अनुज्ञा हेतु उपलब्ध होगा। ऐसे उपलब्ध अनुज्ञा पत्रो के लिए पर्यटक पार्क में प्रवेश के समय से 1 घण्टा 30 मिनट तक पार्क के भीतर प्रवेश कर सकेगें।

(चार) पंजीकृत वाहनों की पर्याप्त संख्या में अनुपलब्धता अथवा अन्य स्थानीय स्थितियों के आधार पर भारसाधक अधिकारी आदेश जारी कर अपंजीकृत वाहनों को प्रवेश हेतु अनुमति जारी कर सकेंगे। पर्यटकों को ऐसे अपंजीकृत वाहनों से पार्क प्रवेश हेतु सारणी "ए" में उल्लेखित सम्पूर्ण वाहन अनुज्ञा दरों की नियमित से दुगनी फीस दर

देय होगी। ऑन लाईन बुक किये गये अनुज्ञा पत्रों में यह अंतर पार्क प्रवेश के समय देय होगा।

(पॉच) उन संरक्षित क्षेत्रों के लिये जहां ऑनलाइन अनुज्ञा पत्र की सुविधा है, तो पहले से बुक किये गये संपूर्ण वाहन अनुज्ञा पत्र के लिए पर्यटकों के नाम, वाहन की अधिकतम धारण क्षमता तक, ऑनलाइन अथवा प्रवेश द्वार पर निम्न शर्तों पर जोड़े जा सकेंगे अर्थात :–

(क) मूल रूप से बुक किये गये अनुज्ञा पत्र में कम से कम दो पर्यटकों का नाम हो।

(ख) प्रथम दो पर्यटक जिनके नाम अनुज्ञा पत्र प्राप्त किया गया था उन्हें पार्क में प्रवेश के समय मौजूद रहना होगा अन्यथा अनुज्ञा पत्र निरस्त माना जाएगा।

(ग) केवल एक बार में ही, अधिकतम चार, अतिरिक्त पर्यटकों के नाम (एड ऑन) जोड़े जा सकेंगे। इस हेतु रूपये 1,500/– का अतिरिक्त शुल्क देय होगा।

(छह) उपरोक्त तालिका–ए की एकल सीट अनुज्ञा दरों में 5 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चों हेतु आधा शुल्क देय होगा एवं उन्हे सफारी वाहन में एक सीट उपलब्ध कराई जायेगी। 05 वर्ष से कम आयु के बच्चे निशुल्क प्रवेश के पात्र होगें एवं अपने अभिभावको के साथ बैठेगें।

सारणी – बी

पैदल अथवा वाहन से विशिष्ट स्थलों के दर्शन

क्र.	टाईगर रिजर्व/ संरक्षित क्षेत्र	पैदल/ साइकल (प्रति व्यक्ति) हेतु दर	स्कूटर/ मोटर साईकिल /अन्य दोपहिया वाहन	हल्के वाहन (कार/ जीप/ जिप्सी/ समकक्ष)	बस
1	2	3	4	5	6
1	पचमढ़ी व्यू पाइंट्स, पन्ना राष्ट्रीय उद्यान में पांडव फॉल, केन घड़ियाल अभयारण्य में रनेह फॉल, फॉसिल राष्ट्रीय उद्यान, भीमबैठका (रातापानी अभयारण्य) एवं अन्य ऐसे स्थल जो संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा चिन्हित किए जाएं	रू. 50	रू. 100 एवं वाहन में बैठे व्यक्तियों (अधिकतम–2) की सम्मिलित प्रति व्यक्ति दर उदाहरण– स्कूटर में एक व्यक्ति हेतु 100+50 = 150 रूपये एवं दो व्यक्तियों हेतु 200 रूपये	रू. 250 एवं वाहन में बैठे व्यक्तियों (अधिकतम वाहन की पासिंग क्षमता अनुरूप) की सम्मिलित प्रति व्यक्ति दर उदाहरण– कार में एक व्यक्ति हेतु 250+50 = 300 रूपये एवं तीन व्यक्तियों हेतु 400 रूपये	रू. 500 एवं वाहन में बैठे व्यक्तियों (अधिकतम वाहन की पासिंग क्षमता अनुरूप) की सम्मिलित प्रति व्यक्ति दर उदाहरण –बस में एक व्यक्ति हेतु 500+50 = 550 रूपये एवं दस व्यक्तियों हेतु 1000 रूपये

टीप –

(एक). जहां संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा ऑटो रिक्शा के प्रवेश की अनुमति दी जाए, वहां उसका प्रवेश शुल्क दो पहिया वाहन के प्रवेश शुल्क की दर से दोगुना होगा।

(दो). किसी संरक्षित क्षेत्र में पर्यटकों की सुरक्षा तथा मार्ग की विशिष्टताओं के आधार पर संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी किसी वाहन/वाहनों को उनके प्रवेश से प्रतिबंधित कर सकेंगे।

सारणी– सी

ट्रेकिंग, कैम्पिंग, मचान आदि एवं बैटरी चलित वाहन हेतु दरें

अनु–क्रमांक	प्रवेश का प्रयोजन	राष्ट्रीय उद्यान /अभयारण्य स्थल	प्रति पर्यटक दर	अभ्युक्तियां
1	2	3	4	5
1.	ट्रैकिंग (पैदल लंबा भ्रमण)/ साइकलिंग (संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा चिन्हित किए गए विनिर्दिष्ट मार्गों पर)	समस्त राष्ट्रीय उद्यान तथा अभयारण्य	रू. 250	प्रति व्यक्ति प्रति दिन
2.	कैंपिंग (केवल संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा चिन्हित किए गए परिसरों में)	समस्त राष्ट्रीय उद्यान तथा अभयारण्य	रू. 1500	प्रति व्यक्ति प्रति रात्रि। इस दर में विनिर्दिष्ट मार्ग पर ट्रैकिंग/साइकिलिंग सम्मिलित है। कैंप स्थल तक आगमन एवं वहां से प्रस्थान केवल पर्यटन अवधि में ही अनुज्ञेय होगा।
3.	विनिर्दिष्ट हाइड /मचान/वॉच टॉवर से वन्य प्राणी दर्शन	कोर क्षेत्र (टाइगर रिजर्व) अन्य राष्ट्रीय उद्यान या अभयारण्य	रू. 600 रू. 300	स्थल की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा किसी भी स्थल पर व्यक्तियों की अधिकतम संख्या निर्धारित की जा सकेगी।
4.	संरक्षित क्षेत्र प्रबंधन की ओर से उपलब्ध कराए गए वाहन से वन्यप्राणी दर्शन	बैटरी चलित वाहन (रालामंडल अभयारण्य) अन्य वाहन, जब उपलब्ध हों (समस्त राष्ट्रीय उद्यान तथा अभयारण्य) (वन विहार को छोड़कर)	रू. 60 रू. 300	प्रति व्यक्ति प्रति राउंड प्रवेश शुल्क के अतिरिक्त। यदि भारसाधक अधिकारी द्वारा निर्धारित न्यूनतम संख्या में पर्यटक उपलब्ध हों। प्रति व्यक्ति प्रति राउंड, यदि भारसाधक अधिकारी द्वारा निर्धारित न्यूनतम संख्या में पर्यटक उपलब्ध हों।

सारणी – डी

सुबह की पैदल सैर या साइकिलिंग की मासिक/वार्षिक/आजीवन दर

अ. क्र.	क्षेत्र/स्थल	मासिक शुल्क	वार्षिक शुल्क	आजीवन शुल्क	अभ्युक्तियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के मुख्य मार्ग पर	रू. 120	रू. 1200	रू. 18000	प्रति व्यक्ति। संचालक या उनके द्वारा इस प्रयोजन के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नियमित प्रवेश पास जारी किए जाएंगे।

सारणी– ई

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान हेतु प्रवेश शुल्क

क्र.	भ्रमण का प्रकार	पर्यटकों हेतु प्रवेश शुल्क (रू.में)
1	2	3
1	पैदल भ्रमण	20/– प्रति व्यक्ति
2	साइकिल द्वारा भ्रमण (एक व्यक्ति)	30/– प्रति वाहन
3	दो पहिया वाहन (अधिकतम दो व्यक्ति)	60/– प्रति वाहन
4	ऑटो रिक्शा (चालक सहित अधिकतम 4 व्यक्ति)	120/– प्रति वाहन
5	हल्के चार पहिया वाहन (अधिकतम 5 व्यक्ति क्षमता वाले)	250/– प्रति वाहन
6	हल्के चार पहिया वाहन (5 व्यक्ति से अधिक की क्षमता वाले)	400/– प्रति वाहन
7	मिनी बस (अधिकतम 20 व्यक्ति की क्षमता तक)	1000/–प्रति वाहन
8	बस (20 से अधिक व्यक्तियों की क्षमता वाले)	1500/–प्रति वाहन
9	सफारी भ्रमण (वन विहार के वाहन से)	50/– प्रति व्यक्ति

टीपः (एक) बिन्दु क्र. 2 से 8 पर वाहन हेतु दरों में पर्यटकों का प्रवेश शुल्क सम्मिलित है।

(दो) क्र. 9 पर सफारी भ्रमण शुल्क अनुकमांक 01 से 08 तक दर्ज प्रवेश शुल्क के अतिरिक्त है।

(तीन) सफारी भ्रमण हेतु कम से कम 6 पर्यटकों का होना आवश्यक होगा। पर्याप्त पर्यटक संख्या न होने पर इच्छुक पर्यटक चाहें तो 6 व्यक्तियों का सफारी शुल्क देकर सफारी कर सकेंगे।

(2) ऑन लाइन बुक किये गये अनुज्ञा पत्रों पर निम्नानुसार निरस्तीकरण शुल्क देय होगा।

सारणी – एफ

अनुक्रमांक	विवरण	निरस्तीकरण शुल्क	निरस्तीकरण पश्चात् वापस देय राशि
1	2	3	4
1	सफारी/प्रवेश दिनांक से 60 दिवस या अधिक पूर्व निरस्तीकरण।	0	पर्यटन अनुज्ञा पत्र के दर की संपूर्ण राशि, पोर्टल फीस काटकर

2	प्रवेश/सफारी दिनांक से 30 दिवस से 59 दिवस के बीच निरस्तीकरण।	पर्यटन अनुज्ञा पत्र शुल्क का 25 प्रतिशत	पर्यटन अनुज्ञा पत्र के दर के 25 प्रतिशत राशि एवं पोर्टल फीस काटकर शेष राशि
3	सफारी/प्रवेश दिनांक से 15 दिवस से 29 दिवस के बीच निरस्तीकरण।	पर्यटन अनुज्ञा पत्र शुल्क का 50 प्रतिशत	पर्यटन अनुज्ञा पत्र के दर के 50 प्रतिशत राशि एवं पोर्टल फीस काटकर शेष राशि
4	सफारी/प्रवेश दिनांक से 6 दिवस से 14 दिवस के बीच निरस्तीकरण।	पर्यटन अनुज्ञा पत्र शुल्क का 75 प्रतिशत	पर्यटन अनुज्ञा पत्र के दर के 75 प्रतिशत राशि एवं पोर्टल फीस काटकर शेष राशि
5	सफारी/प्रवेश दिनांक से 5 दिवस एवं उससे कम अवधि में निरस्तीकरण।	अनुसा पग की संपूर्ण राशि	कोई राशि वापस नहीं की जाएगी।

टिप्पणः पर्यटक अपने ऑनलाइन बुक किये गये प्रवेश अनुज्ञा पत्र की तिथि तथा पर्यटन जोन (उसी संरक्षित क्षेत्र के) को आगामी दिनांकों हेतु उपलब्धता के आधार पर पुनर्निर्धारण करवा सकेंगे। इस हेतु उन्हें प्रत्येक पुनर्निर्धारण पर पोर्टल फीस तथा रूपये 100/– पुनर्निर्धारण शुल्क देय होगा।

(3) चालक और गाइड की गणना यान में अनुज्ञात सवारियों की संख्या में की जाएगी।

(4) वर्तमान में लागू दरें आगामी आदेश तक लागू रहेंगी।

(5) अनुज्ञा प्रमाणपत्रों में सूचीबद्ध सभी पर्यटकों को कोई एक वैध पहचान पत्र (आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेंस, पेनकार्ड, वोटर आईडी, केन्द्र अथवा राज्य शासन द्वारा जारी अन्य परिचय पत्र, स्कूल–कॉलेज के परिचय पत्र) रखना अनिवार्य होगा। यदि उसमें वर्णित व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित न की जा सकती हो तो अनुज्ञा पत्र रद्द कर दिया जाएगा।

(6) स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी किसी दिवस/ अवधि हेतु प्रवेश अथवा निर्गम के समय में परिवर्तन कर सकेंगे।

(7) पर्यटकों को ऐसे नियत किए गए राउन्ड के दौरान अपने स्टिल अथवा वीडियो कैमरे निःशुल्क उपयोग करने की अनुज्ञा होगी। पर्यटक अपने मोबाइल फोन अथवा समकक्ष उपकरणों का उपयोग फोटो खींचने के लिये कर सकेंगे किन्तु पार्क भ्रमण के दौरान मोबाइल फोन साइलेंट में रखना अनिवार्य होगा। संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी इस संबंध में अतिरिक्त नियम बना सकेंगे।

(8) यदि कोई व्यक्ति वाहन द्वारा किसी राउन्ड के लिए प्रवेश शुल्क का पूर्ण भुगतान कर देता है तो उससे किसी विशिष्ट स्थल जैसे पचमढी दर्शनी स्थल, सतपुडा टाइगर रिजर्व में, पांडव और रनेह फॉल पन्ना टाइगर रिजर्व में, पैदल या वाहन द्वारा देखने के लिए कुछ भी अतिरिक्त प्रभारित नहीं किया जाएगा

(9) पर्यटन के लिए खुले रखे जाने वाले मार्गों और इन मार्गों पर विभिन्न प्रकार के वाहनों की अधिकतम संख्या का विनिश्चय, स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

(10) यदि आवश्यक हो तो संरक्षित क्षेत्र का भारसाधक अधिकारी धारा 28 की उपधारा (1) के अधीन वर्णित प्रयोजनों के लिए संरक्षित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों के लिए किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए बन्द क्षेत्र या मार्ग विनिर्दिष्ट कर सकेगा।

(11) संरक्षित क्षेत्र का भारसाधक अधिकारी उन वाहन चालकों और वाहनों का जो नियमित रूप से दर्शकों को प्रतिबंधित क्षेत्र में लाते हों, रजिस्ट्रीकृत करने का उपबंध कर सकेगा एवं उन वाहनों की फिटनेस के मानक विनिश्चित कर सकेगा जो संरक्षित क्षेत्र में अनुज्ञात हों। वह किसी श्रेणी के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर सकेगा।

(12) सुरक्षित वाहन चालन की दृष्टि से पंजीकृत पर्यटक वाहनों के वाहन चालकों का पर्यटन अवधि में संरक्षित क्षेत्र के अंदर फोटोग्राफी करना प्रतिबंधित रहेगा।

(13) ऑनलाइन बुक किये गये अनुज्ञा पत्र के 6 दिवस अथवा अधिक पूर्व निरस्तीकरण की स्थिति में वह अनुज्ञा पत्र किसी अन्य पर्यटकों हेतु ऑनलाइन बुकिंग हेतु उपलब्ध होगा। किसी अनुज्ञा पत्र को उसके सफारी दिनांक के 5 दिवस अथवा कम दिवस शेष रहने पर निरस्त करवाने की स्थिति में उक्त अनुज्ञा पत्र क्षेत्र संचालक अनुज्ञा कोटा में उपलब्ध होगा।

(14) ऑनलाइन बुकिंग के समय किसी दिनांक हेतु पर्यटन क्षेत्र के संपूर्ण वाहन अनुज्ञा पत्रों की उपलब्धता समाप्त होने पर इच्छुक पर्यटकों को सीमित संख्या में संपूर्ण वाहन अनुज्ञा पत्र (ऑनलाइन टिकिटों का 25 प्रतिशत युक्तियुक्तकरण पश्चात) के प्रतिक्षा अनुज्ञा पत्र जारी किये जावेंगे। कन्फर्म अनुज्ञा पत्र निरस्तीकरण की स्थिति में वेटिंग अनुज्ञा पत्रकों को प्राथमिकता से कन्फर्म किया जावेगा।

4. **वीडियो/फिल्मांकन/चित्रांकन/फोटोग्राफी हेतु शुल्क :**

(1) टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्रों में वीडियों/फिल्मांकन/चित्रांकन/फोटोग्राफी की अनुज्ञा, क्षेत्र संचालक द्वारा कैमरामेन के नाम से दी जाएगी जिसके लिए निम्नलिखित सारणी के अनुसार शुल्क देय होगा :

सारणी – जी

(राशि रूपये में)

अवधि	भारतीय शैक्षणिक/अनुसंधान संस्थान; भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश राज्य सरकार के विभाग एवं संस्थान	अन्य	अभ्युक्तियां
1	2	3	4
प्रथम सात दिन तक	रू. 10,000	रू. 40,000	प्रति कैमरा मैन प्रति दिन
आठवें दिन से 15 वें दिन	रू. 7,500	रू. 30,000	
सोलहवें दिन से आगे	रू. 5,000	रू. 20,000	

(2) अन्य राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों में वीडियो/फिल्मांकन/फोटो चित्रण/फोटोग्राफी के लिए अनुज्ञा उस संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा दी जाएगी जिसके लिए उपरोक्त उपनियम (1) में वर्णित शुल्क का 50 प्रतिशत देय होगा।

(3) यह दरें केवल तब लागू होंगी जब फिल्मांकन/फोटोग्राफी के लिए निर्धारित समय के बाद तथा साधारण पर्यटकों के लिए मार्गों से हटकर मांगी जाती हैं। यह शुल्क वीडियो/फिल्मांकन/फोटोचित्रण/फोटोग्राफी की पूरी अवधि के लिए शुल्क अग्रिम देय होगा। वीडिया/फिल्मांकन/फोटोचित्रण/फोटोग्राफी का स्थान, समय तथा शर्ते संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक से परामर्श करके घोषित की जायेगी। अनुज्ञा साधारणतः खुले सीजन के लिए जारी की जाएगी और यह अंशतः भी हो सकती है। मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक की पूर्व अनुज्ञा से फोटोग्राफी/फिल्मांकन के प्रयोजन के लिए प्रवेश की अनुज्ञा विशेष कारणों से बंद अवधि के दौरान भी दी जा सकेगी।

(4) कैमरामेन से अभिप्रेत है ऐसा व्यक्ति जिसके नाम से फिल्मांकन/फोटोचित्रण/फोटोग्राफी की अनुज्ञा जारी की गई है। उसे सहायता करने के लिए एक बार में दो व्यक्ति अनुज्ञात किये जा सकेंगे किंतु उन्हे फोटोग्राफी/फिल्मांकन की अनुज्ञा नहीं होगी। तीन व्यक्तियों की इस टीम से पृथक से कोई प्रवेश शुल्क भुगतान करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी।

(5) किसी राष्ट्रीय उद्यान अथवा अभयारण्य में वीडियो/फिल्मांकन/फोटोचित्रण/फोटोग्राफी के लिए अनुज्ञा साधारणतया केवल प्राकृतिक सौन्दर्य, वन्य जीव अथवा क्षेत्र के प्राकृतिक इतिहास की रिकार्डिंग करने के लिए ही दी जाएगी। तथापि, सरकार विशेष परिस्थितियों में किसी अन्य कारण से भी ऐसे कार्य की अनुज्ञा दे सकेगी बशर्ते कि इससे पर्यावरण अथवा क्षेत्र के वन्यजीवन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़ता हो। इस अनुज्ञा के लिए विशेष दरें प्रभारित की जाएंगी जो किसी भी दशा में, यथास्थिति उपरोक्त नियम 4 के उपनियम (1) और (2) में विहित दर से पांच गुने से कम नहीं होगी।

(6) वन विभाग द्वारा बनाई जाने वाली अथवा अन्य व्यक्तियों अथवा संस्थाओं से बनवाई जाने वाली वन्य जीवन आधारित ऐसी वीडियो/फिल्मांकन/फोटोचित्रण/ फोटोग्राफी के लिए अनुज्ञा जिनका उपयोग अनुसंधान, प्रशिक्षण, शिक्षा के प्रयोजन का विस्तार अथवा संरक्षण के लिए किया जाना है, मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक द्वारा जारी की जा सकेगी। जिसके लिए कोई शुल्क प्रभारित नहीं किया जाएगा। ऐसी फिल्मों पर मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक, मध्यप्रदेश का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।

5. **हाथी पर भ्रमण :**

(1) पर्यटन के लिए : हाथी पर महावत के अलावा एक बार में अधिकतम चार व्यक्तियों को बैठने की अनुमति होगी। 5 वर्ष तक के बच्चों को उनके माता पिता/ अभिभावकों के साथ निःशुल्क अनुज्ञात किया जाएगा। पर्यटन हेतु हाथी

उपलब्ध होने पर भ्रमण हेतु मार्गों तथा नियमों का निर्धारण संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाएगा। हाथी पर सवारी की अवधि एक घंटा होगी, जिसके लिए प्रतिव्यक्ति रूपये 1,000/– शुल्क देय होगा। 5 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चों का आधा शुल्क देय होगा। किन्तु सीटों की गणना में पूर्ण सीट के समान माना जाएगा।

(2) वीडियो/फिल्मांकन/फोटोचित्रण/फोटोग्राफी के लिए : ऐसे कैमरामैन की मांग पर जिसने कि इन नियमों के नियम 4 के अधीन वीडियो/फिल्मांकन/फोटोचित्रण/फोटोग्राफी के लिए अनुज्ञा प्राप्त की है, उपलब्ध होने पर, 3 घंटों के लिये एक हाथी निम्नलिखित शुल्क का भुगतान कर दिये जाने पर दिया जा सकेगा तथा उक्त फिल्मांकन हेतु कैमरामेन के साथ अधिकतम एक सहायक हाथी पर जा सकेगा :

सारणी – एच

(एक)	भारतीय शैक्षणिक अथवा अनुसंधान संस्थान तथा भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश राज्य सरकार के विभागों और संस्थानों के लिए	रू. 6,000/–
(दो)	अन्य सभी व्यक्ति एवं संस्थान	रू. 24,000/–

6. **नौकायन :**

(1) ऐसे समस्त संरक्षित क्षेत्रों में, जहां उनके किन्हीं जलाशयों/नदियों/जलनिकायों में नौकायन की संभावना हो, विभिन्न प्रकार की नौकायन गतिविधियों के लिए शुल्क तथा नौकायन संचालन के नियम संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, मध्यप्रदेश के परामर्श से विनिश्चित किए जाएंगे।

(2) केवल राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य में मोटर चलित नौका से प्रति व्यक्ति प्रति घण्टे नौकायन हेतु रूपये 150/– प्रति पर्यटक नियमानुसार शुल्क देय होगा।

7. **स्थानीय गाइड/कुली**

(1) किसी संरक्षित क्षेत्र में पर्यटन और फोटोग्राफी/फिल्मांकन के प्रयोजनों के लिए प्रवेश करने वाले व्यक्तियों के मार्गदर्शन हेतु उनके साथ संचालक/क्षेत्र संचालक/वन वृत्त के भारसाधक अधिकारी अथवा मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा नामांकित प्रतिनिधि/ पंजीकृत स्थानीय गाइड/ कुली अनिवार्य रूप से जाएगा। स्थानीय गाइड/ कुली वह व्यक्ति होगा जो उस जिले या उन जिलों का हो, जिनमें संरक्षित क्षेत्र स्थित है और सामान्यतः वहां निवास करता हो जहां राष्ट्रीय उद्यान अथवा अभयारण्य स्थित हों। गाइड/कुली की श्रेणियां, अर्हताएं एवम् उन्हें देय पारिश्रमिक निम्नानुसार होगा :–

(एक) गाइड श्रेणी जी–1 : 12वीं कक्षा उत्तीर्ण, अंग्रेजी का कामचलाऊ ज्ञान, सभी स्तनधारी वन्यप्राणियों एवं सामान्य पक्षियों की पहचान, सामान्य वृक्षों की पहचान एवं उनके बारे में रोचक तथ्यों का ज्ञान, राष्ट्रीय उद्यानों/अभयारण्यों में के वनों के संबंध में सामान्य ज्ञान, वन्य प्राणियों के रास्तों एवं चिह्नों का ज्ञान, वन्य प्राणी आकलन प्रकिया एवं वर्तमान वन्य प्राणी आंकलित संख्या का ज्ञान, इंटरप्रिटेशन सेंटर, पर्यटन नियमों, राष्ट्रीय उद्यानों/अभयारण्यों में क्या करें तथा क्या न करें की जानकारी, उनके भूगोल एवं भू–आकृति का ज्ञान, प्राथमिक चिकित्सा प्रमाण–पत्र तथा गाइड के रूप में न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव।

(दो) गाइड श्रेणी जी–2 : वन्यप्राणियों का ज्ञान, वन में मार्गों का ज्ञान, सामान्य वृक्षों की पहचान एवं उनके संबंध में रोचक तथ्यों का ज्ञान, क्षेत्र के वनों एवं वन्यप्राणियों के विषय में सामान्य ज्ञान, वन्य प्राणी प्रबंधन, वन्य प्राणी व्यवहार एवं रहवास आदि का ज्ञान, पर्यटन नियमों, 'क्या करें तथा क्या न करें' की जानकारी, अतिरिक्त ज्ञान प्राप्त करने की जिज्ञासा।

(तीन) कुली : कोई भी स्थानीय व्यक्ति जो संरक्षित क्षेत्र के भीतर ट्रेकिंग, केंपिंग कर रहे पर्यटकों के साथ कुली का काम करने हेतु इच्छुक हो।

(2) गाइड/कुली के लिए शुल्क : गाइड/कुली की सेवाएं लेने हेतु निम्नांकित शुल्क देय होगा : –

सारणी – आई

क्रमांक	श्रेणी	गाइड/ कुली शुल्क (रू.)		
		वाहन से भ्रमण (एक राउंड)	ट्रैकिंग/साइकिलिंग (प्रतिदिन)	कैम्पिंग (एक दिन व दो रात्रि)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	G-1	500	1000	2000
2	G-2	360	700	1400
3	कुली	–	500	1000

(3) पूरे दिन के लिए गाइड/कुली लिए जाने पर उन्हें ट्रेकिंग/साइकिलिंग हेतु नियत शुल्क का भुगतान किया जाएगा।

(4) विशेष दर्शनीय स्थानों पर गाइड लिए जाने के लिए शुल्क :

केन घड़ियाल अभयारण्य के रनेहफाल, पन्ना राष्ट्रीय उद्यान के पांडव फाल आदि स्थानों के लिए जहां कि गाइड की सेवाएं अल्प अवधि के लिए ली जाती

हैं, सम्बन्धित संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर आनुपातिक दरें नियत करेंगे।

8. **पर्यटन वर्ष की प्रतिषिद्ध व खुली अवधि :**

(1) सामान्यतः वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, माधव राष्ट्रीय उद्यान, फासिल राष्ट्रीय उद्यान, घुघवा, डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान, राला मण्डल अभयारण्य, सैलाना अभयारण्य, सरदारपुर अभयारण्य, ओरछा अभयारण्य, पन्ना राष्ट्रीय उद्यान में पांडव फाल, केन घड़ियाल अभयारण्य में रनेहफाल, पचमढ़ी स्थित दर्शनीय स्थल, चिड़ीखोह (नरसिंहगढ़ अभयारण्य), रातापानी अभयारण्य में भीमबैठका बर्रूसोत व देलाबाड़ी में वर्ष की कोई अवधि बंद नहीं होगी। उपरोक्त के अतिरिक्त राष्ट्रीय उद्यानों तथा अभयारण्यों में एक जुलाई से 30 सितम्बर तक की अवधि में पर्यटन या फोटोचित्रण के प्रयोजन से प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक तात्कालिक मौसम परिस्थितियों एवं अन्य स्थानीय कारकों के आधार पर संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी सीमित क्षेत्रों/वन मार्गों को पर्यटन हेतु खोलेंगे। वर्ष की शेष अवधि में ये क्षेत्र पर्यटन एवं फोटोचित्रण के प्रयोजन से खुले रहेंगे।

(2) राष्ट्रीय उद्यानों/अभयारण्यों में वाहन से भ्रमण सूर्योदय एवं सूर्यास्त के अनुरूप निर्धारित कर समय–समय पर परिवर्तित किया जाएगा। प्रवेश एवं बाहर आने का वास्तविक समय अधिसूचित कर पार्क के प्रवेश द्वारों के सूचना पट एवं अनुज्ञा पत्रों पर दर्ज किया जाएगा।

9. **विशेष शुल्क :**

संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी को मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक, मध्यप्रदेश के परामर्श से पर्यटक यातायात के परिणामस्वरूप वन्य जीवन तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से कम–से–कम दो माह की पूर्व सूचना देने के उपरांत लिखित आदेश से किसी भी संवेदनशील या विशिष्ट क्षेत्र/मार्ग या गतिविधि पर विशेष दरों पर शुल्क अधिरोपित करने का अधिकार होगा।

10. **पर्यटन से होने वाली आय का स्थानीय समुदायों से साझा किया जाना :**

चूंकि टाईगर रिजर्व तथा अन्य संरक्षित क्षेत्रों में प्रारंभिक रूप से पर्यटन वन्य जीव संसाधनों के गैर उपभोग से निरंतरता पाता है और स्थानीय समुदायों को मांसाहारी वन्यप्राणियों के द्वारा पालतु पशुओं के शिकार, जंगली शाकाहारियों द्वारा फसलों के नुकसान एवं आय में कमी के रूप में संरक्षण की कीमत चुकाना पड़ती है। एक वर्ष में उस संरक्षित क्षेत्र में, विकास निधि में जमा की गई पर्यटन की समस्त प्राप्तियों का एक तिहाई उस संरक्षित क्षेत्र की ईको विकास समितियों से साझा किया जाएगा।

11. **विविध :**

(1) कोई अन्य पर्यटन सेवा या गतिविधि जिसका इस नियम में उल्लेख नहीं है या उल्लेख होने के बावजूद प्रबंधन की दृष्टि से अब तक शुरू नहीं की जा सकी है, मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक, म.प्र. की पूर्वानुमति से प्रारंभ की जा सकेगी। किंतु ऐसा तब तक नहीं किया जाएगा, जब तक उससे होने वाले संभावित दुष्प्रभावों का आकलन कर उनको नियंत्रित करने हेतु आवश्यक प्रबंधन व्यवस्था नहीं कर ली जाए।

(2) मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, संरक्षित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले वाहनों की संख्या का निर्धारण क्षेत्र की धारण क्षमता के आधार पर करेगा। इसके अतिरिक्त वह अन्य गतिविधियों जैसे नौकायन, ट्रैकिंग, कैंपिंग, हाथी पर भ्रमण, नेचर ट्रेल आदि के लिए पृथक्–पृथक् धारण क्षमता का भी निर्धारण करेगा।

(3) वन्य प्राणी संरक्षण या प्रबंधन की दृष्टि से अपरिहार्य परिस्थितियों में किसी व्यक्ति विशेष या सभी व्यक्तियों के प्रवेश, भ्रमण अथवा उनके द्वारा किसी मार्ग या स्थल विशेष का उपयोग संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा प्रतिबंधित किया जा सकेगा।

(4) फिल्मांकन, नौकायन, वाहन से वन्य जीव दर्शन हाथी पर भ्रमण, ट्रैकिंग, नेचर ट्रेल, कैपिंग एवं हाइड/मचान/वॉच टॉवर, आदि के उपयोग या भविष्य में प्रारंभ की जाने वाली नई पर्यटन गतिविधियों के लिए विस्तृत मार्गदर्शी निर्देश मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक, म.प्र. द्वारा जारी किए जा सकेंगे, जो इन नियमों का भाग होंगे।

(5) राज्य शासन की विशिष्ट अनुमति के बिना राष्ट्रीय उद्यानों/अभयारण्यों की सीमाओं के भीतर कोई सभा, सम्मेलन, बैठक, आदि का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। यह प्रतिबंध म.प्र. राज्य वन्य प्राणी मंडल, मध्यप्रदेश राज्य के वन विभाग के अधिकारियों की बैठकों, वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण एवं प्रबंधन से सम्बन्धित प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों अथवा वन अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों अथवा कार्यशालाओं के आयोजन पर लागू नहीं होगा।

(6) संरक्षित क्षेत्र में अनधिकृत रूप से कोई भी विज्ञापन, साइनबोर्ड, बैनर, चार्ट, आदि प्रदर्शित करना, चिपकाना, परिनिर्मित करना निषिद्ध होगा।

(7) कोई भी व्यक्ति संरक्षित क्षेत्र में किसी भी वृक्ष, पुल, चट्टान, बागड़, सीट, नोटिस बोर्ड कूड़ादान अथवा अन्य किसी भी वस्तु अथवा स्थल पर लिखी गई बात, चिन्ह आदि को नष्ट नहीं करेगा, क्षति नहीं पहुंचाएगा अथवा उसे विकृत नहीं करेगा।

(8) पर्यटन और फिल्मांकन/फोटोग्राफी के प्रयोजन से वन्यप्राणियों को देखने के लिए स्पॉटलाइट का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

(9) (क) परिक्षेत्र अधिकारी से अनिम्न स्तर का कोई अधिकारी, किसी ऐसे व्यक्ति के विरूद्व जिसने पर्यटन/फिल्मांकन/चित्रांकन/फोटोग्राफी प्रयोजन के लिए संरक्षित क्षेत्र में प्रवेश लिया हो और अनुज्ञा पत्र की शर्तों अथवा प्रबंधन द्वारा दिए गए किन्हीं निर्देशों का उल्लंघन किया हो, रूपये 2,000/– की क्षतिपूर्ति लेने का हकदार होगा एवं उक्त के अतिरिक्त सक्षम प्राधिकारी, वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) तथा किन्हीं अन्य विधिक उपबंधों के प्रावधानों का उल्लंघन होने पर उक्त अधिनियमों/उपबंधों के अनुसार विधिक कार्यवाही कर सकेगा। संरक्षित क्षेत्र का भारसाधक अधिकारी उसके प्रवेश अनुज्ञा पत्र की शेष अवधि के लिए उसके प्रवेश को या तो अंशतः या पूर्णतः प्रतिबंधित भी कर सकेगा। क्षतिपूर्ति की राशि प्राप्त करने हेतु मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक विस्तृत निर्देश जारी करेंगे।

(ख) कैमरामेन अथवा फोटोग्राफी/फिल्मांकन टीम के उसके सहायक द्वारा कोई उल्लंघन, किया जाने पर, सक्षम वन अधिकारी द्वारा की गई किसी विधिक कार्रवाई के अतिरिक्त, संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा उसकी अनुज्ञा की शेष अवधि को कुछ अथवा पूर्ण अवधि के लिए प्रतिबंधित किया जा सकेगा।

(ग) पंजीकृत वाहन/नौका के चालक/नाविक द्वारा और उसमें उपस्थित गाइड, परिक्षेत्र अधिकारी से अनिम्न स्तर के प्रबंधन अधिकारी द्वारा दिये जाये निर्देशो का कोई उल्लंघन किये जाने पर रूपये 2,000/– की क्षतिपूर्ति लेने का हकदार होगा। प्रथम उल्लंघन की दशा में, सक्षम वन अधिकारी उनका प्रवेश, साथ ही उनके वाहन/नौका का प्रवेश सात दिन के लिए, दूसरी बार उल्लंघन किए जाने की दशा में, एक मास के लिए और तीसरी बार उल्लंघन किए जाने की दशा में, शेष पर्यटन वर्ष (1 जुलाई से 30 जून आगामी वर्ष) के लिए संरक्षित क्षेत्र में अन्य विधिक कार्यवाही के अतिरिक्त प्रतिबंधित कर सकेगा। ऐसे पंजीकृत वाहन/नौकाएं और उनके चालक/नाविक तथा नेचुरलिस्ट/गाइडों का प्रवेश जो पिछले दो वर्ष के दौरान तीन बार दंडित किए जा चुके हों, संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा, राष्ट्रीय उद्यान अथवा अभयारण्य में आगामी दो वर्ष के लिए प्रतिबंधित किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त सक्षम प्राधिकारी, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 (1972 का 53) तथा किन्ही अन्य विधिक उपबंधो के प्रावधानों के उल्लंघन होने पर उक्त अधिनियमों/उपबंधो के अधीन कार्यवाही कर सकेगा।

(घ) संरक्षित क्षेत्र के भारसाधक अधिकारी द्वारा किसी आदतन उल्लंघनकर्ता को या घोर कदाचार अथवा नियमों के भंग में लिप्त किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय उद्यान या अभयारण्य में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया जा सकेगा।

(ङ) इस उपनियम के अधीन प्रवेश प्रतिबंधित करने की कोई भी कार्यवाही प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का समुचित अवसर दिए बिना नहीं की जाएगी।

(10) दीपावली तथा होली के शासकीय अवकाशों पर समस्त संरक्षित क्षेत्र पर्यटन और वीडियो/फिल्मांकन/फोटोचित्रण/फोटोग्राफी के लिए बंद रहेंगे। इसके अतिरिक्त, उन अन्य दिनों का, जिनको कि पर्यटन और वीडियो/फिल्मांकन/फोटोचित्रण/फोटोग्राफी के लिए संरक्षित क्षेत्र बंद रहेंगे, विनिश्चय राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

यह संशोधन 01 अक्टूबर 2016 से प्रवृत्त होगा।

F.No. 14-82/1988/10-2 :: In exercise of the powers conferred by Section 64 of the Wildlife (Protection) Act, 1972 (53 of 1972), the State Government, hereby, makes the following further amendments in the Madhya Pradesh Wildlife (Protection) Rules, 1974, namely : -

AMENDMENTS

In the said rules, for Rule 34, the following rule shall be substituted, namely:-

"34. Entry fee and conditions of entry permit under Section 28 for entry into National Parks and Sanctuaries:

1. Entry Permit:

(1) No person shall enter any National Park or Sanctuary for the purposes mentioned under sub-section (1) of Section 28 without a valid permit issued by Chief Wildlife Warden, Madhya Pradesh or by an officer authorized by him for this purpose, as per the conditions and on payment of such fees as prescribed in these rules as per sub-section (2) of section 28 of the said Act

(2) Entry permit is individual, non-transferable and valid for entry for one time or for the period mentioned in the entry permit.

2. Entry:

(1) No entry fee shall be charged for entry in National Parks and Sanctuaries for following purposes, namely:-

(i) study or investigation of wildlife and its ancillary objectives;

(ii) scientific research;

(iii) transaction of lawful business with any person residing in the National Park or Sanctuary;

(iv) authorized study tours of the students of recognized educational institutions of the villages situated in the buffer zones of the tiger reserves and within 5 km boundary of National Parks and Sanctuaries or the authorized study tours of the members of Eco-Development Committees;

(v) authorized study tours of the students, trainees, instructors and support staff of training and research institutes of Government of India, Ministry of Environment and Forest or Forest Departments of various States; and,

(vi) entry of children upto 5 years of age visiting with their parents.

